आरबीआई द्वारा बाह्य वाणज्यिकि उधार के लयि हेजगि मानदंडों को राहत

चर्चा में क्यों?

रज़िर्व बैंक (RBI) ने बाह्य वाणज्यिकि उधार (ECB) के लयि मौजूदा 100% के अनविार्य हेजगि के प्रावधान को कम करके 70% कर दयिा है।

महत्त्वपूर्ण बदिु

- पछिले छह महीनों में डॉलर की मज़बूती के साथ ही हेजगि की कीमतें भी बढ़ी है। जसिके चलते ECB फर्मों के लयि यह अप्रयि प्रतीत हो रहा था।
- यह कदम भारतीय फर्मों के लयि वदिेशी ऋण की अंतमि लागत को कम करने में मदद करेगा, लेकनि यह वदिेशी मुद्रा बाज़ारों में अस्थरिता को उजागर कर सकता है।
- ये नए मानदंड ECB की परपिक्वता अवधि के साथ 3 से 5 साल के बीच लागू होंगे।

पृष्ठभूमि

- वैश्वकि वत्तिीय संकट के बाद हेजगि बढ़ाने के लयि दबाव शुरू हुआ, जहाँ वदिेशी मुद्रा एक्सपोजर के बनिा कुछ फर्मों को नुकसान हुआ और इसके बाद RBI ने मध्यम अवधि के बाह्य उधार के लयि 100% हेजगि अनविार्य कर दयिा। उल्लेखनीय है कि जब कसिी नविेश या परसिंपत्ति के लयि 'हेजगि' नहीं की जाती है तो उसे 'एक्सपोज़र' कहते हैं। इसका आशय यह है कि उस नविेश पर जोखमि की आशंका है।
- RBI ने बैंकों से उन कंपनयिों के खलिाफ अतरिक्ति प्रावधानों के लयि कहा जन्हिें वदिेशी मुद्रा एक्सपोज़र (Foreign exchange exposure) नहीं मलिा था।

हेजगि (Hedging) क्या है?

- हेजगि एक वत्तिीय तकनीक है जब कोई क्रेता, वक्रिेता या नविेशक अपने कारोबार या परसिंपत्ति को संभावति मूल्य परविर्तन के प्रतकिूल प्रभाव से बचाने के उपाय करता है तो उसे 'हेजगि' कहते हैं।
- यह एक ऐसा बीमा है जो जोखमि को पूरी तरह से खत्म नहीं करता है बल्कि इसके प्रभाव को कम करता है।
- इसमें दो अलग-अलग बाज़ारों में समान रूप या वस्तुओं की समान मात्रा की खरीद या बक्रिी शामलि है, इससे उम्मीद की जाती है कि भविष्यि में एक बाज़ार में कीमतों के बदलाव से दूसरे बाज़ार में वपिरीत बदलाव आ जाएगा।

????? ????????? ???? (External Commercial Borrowings)

- यह एक गैर-नविासी ऋणदाता से 3 साल की न्यूनतम औसत परपिक्वता के लयि भारतीय इकाई द्वारा प्राप्त कयिा गया ऋण है।
- इनमें से अधकितर ऋण वदिेशी वाणज्यिकि बैंक खरीदारों के क्रेडटि, आपूर्तकिर्त्ताओं के क्रेडटि, फ्लोटगि रेट नोट्स और फक्सि्ड रेट बॉन्ड इत्यादि जैसे सुरक्षति उपकरणों द्वारा प्रदान कएि जाते हैं।

ECB के लाभ

- यह बड़ी मात्रा में धन उधार लेने का अवसर प्रदान करता है।
- इससे प्राप्त धन अपेक्षाकृत लंबी अवधि के लयि उपलब्ध होता है।
- घरेलू धन की तुलना में ब्याज दर भी कम होती है।
- यह वदिेशी मुद्राओं के रूप में होता है। इसलयि यह मशीनरी के आयात को पूरा करने के लयि कॉर्पोरेट को वदिेशी मुद्रा रखने में सक्षम बनाता है।
- कॉर्पोरेट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त स्रोतों, जैसे - बैंक, नर्यिात क्रेडटि एजेंसयिों, अंतर्राष्ट्रीय पूंजी बाज़ार इत्यादि से ECB बढ़ा सकते हैं।

स्रोत : द हदिू (बज़िनेस लाइन)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rbi-relief-for-hedging-norms-for-ecb